और फर्टीलाइजर में मालूम नहीं मुनाफा खाने की गवर्नमेंट की क्या आदत पड़ गई है, फर्टीलाइजर को आप बनाते हैं, उस के दाम बढ़ा दिये, आप जमीदारों से पूछ लें, इस साल दो रुपये बढ़ा दिये गए मेरे स्टेट में । वह गरीब कितना हमारे लिए कष्ट बर्दाश्त करते हैं, लेकिन उन का कुछ खयाल नहीं है, फर्टीलाइजर के दाम बढ़ाते जा रहे हैं और फिर कहते है कि अनाज पैदा नहीं होता है, आप को चाहिये कि आप उन को सबसिडी दो । जहां करोड़ों रुपया फारेन एक्सचेंज का और कन्ट्रीज को देने के लिए तैयार हैं तो वहां कोई वजह नहीं है कि सस्ती खाद, जो फर्टीलाइजर है आप के पास वह सस्ते दाम पर उन को क्यों न दें ? साथ में आप उन को उधार दो और फसल पर ले लेना । लेकिन न उस को उधार मिलता है न और कुछ चीज उस को मिलती है ।

फिर डिप्टी स्पीकर साहब, इम्पलीमेंट्स के लिए क्या है ? कहते हैं ट्रैक्टर लो । यहां

[श्री लहरी सिंह]

जितने ट्रैक्टर आजकल आये हैं, वह जैसे हिन्दुस्तान एम्बेसेडर कार आयी तो वह और मंहगी मिलती है, वैसे ही ट्रैक्टर भी बड़ा मंहगा है। सस्ते ट्रैक्टर आप ने नहीं बनाये। छोटे छोटे सस्ते इम्प्लीमेंट्स नहीं बनाये। ट्रैक्टर्स के लिए फारेन एक्सचेंज देने के लिये तैयार हैं। पुर्जे उन के नहीं मिलते हैं, हालत खराब है उन को डिजिल ....(**व्यवधान**)

श्री शिव नारायण : पंजाब में आप ने कितना बनवाया, जब आप मिनिस्टर थे,...

Mr. Deputy-Speaker: Order, order.

Shri Sheo Narain: He was Minister in Punjab, Sir.

Shri K. C. Sharma (Sardhana): That is irrelevant; he has grown wiser now.

श्री लहरी सिंह : सुन तो लो। नुकसान की बात नहीं है, तुम्हारे फायदे की है।

तो मैं आप से अर्ज कर रहा हूं कि यह सस्ते इम्पलीमेंट्स और ट्रैक्टर्स सस्ते बनाओ, सबसिडी दो, कर्जा दो। आप पूछो उन से जा कर यह कितना मंहगा है, कौन इतना खर्च कर सकता है ? केवल जबानी बात कह देने से कुछ नहीं होता ?

अब मैं ज्यादा टाइम न लेते हुए खत्म करता हूं। थोड़ा सा मोनोपली प्राक्योरमेंट और ट्रेक्टर्स पर कहना चाहता हूं। दो मिनट और चाहिए।

मैं एक बात यह कहूंगा कि देश भर में इतना कहत पड़ रहा हो, ऐसा अनाज कम पैदा हो रहा हो और ज्यादा से ज्यादा आबादी बढ़ती जा रही हो, उस में आज यह बहस करना कि मोनोपली प्रोक्योरमेंट होना चाहिए, मैं कहता हूं कि बन्द करवाओ सब जल्दीसे जल्दी। यह वह क्लास आफ ट्रेडर्स है जो हम से सस्ता ले कर हम को तंग करते हैं गवर्नमेंट को तंग करते हैं, इसलिए इस मुल्क के लिए जब तक कि सरप्लस न हो जाय यह बहुत जरूरी है, कानून बनाओ कि मनोपली प्रोक्योरमेंट हो। हर एक से जबर्दस्ती लिया जाय। अगर नहीं लोगे तो नहीं चला सकोगे। इसलिये मनोपली प्रोक्योरमेंट होना चाहिए और राशनिंग जरूर होना चाहिए। राशनिंग को कर दो वरना जिन्दा नहीं रहोगे। कंट्रोल्ड राशनिंग करो और राशनिंग में जैसा कि मिनिस्टर साहब ने फरमाया, गन्दा सन्दा सड़ा हुआ गेहूं न देना, नहीं तो एजिटेशन भी नजदीक आ रहा है, हमें भी मुश्किल होगी, कहीं गन्दा सन्दा दे दिया तो, यह ठीक नहीं है।

तो मैं ज्यादा न कहते हुए यह उम्मीद करता हूं कि गवर्नमेंट बोल्ड होगी, कानून बनायेगी और हिम्मत करेगी। गरीब को सबसिडी देगी, वरना ऐसा ही ड्रामा होता रहा जैसा कि प्लानिंग वगैरह आप कर रहे हैं तो इस का नतीजा कुछ अच्छा नहीं निकलेगा।

श्री गहमरी (गाजीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, आप को धन्यवाद देता हूं कि मुझे भी चन्द मिनट तक खाद्य स्थिति पर कुछ बोलने का अवसर दिया गया।

उपाध्यक्ष महोदय : दस मिनट हैं, हर एक कांग्रेस पार्टी के मेम्बर को।

श्री गहमरी : आप जानते हैं कि हमारे ही प्राविंस में नहीं, बल्कि अनेक प्राविंसों में इस साल बारिश नहीं हुई। जब एक प्राविंस में बारिश न हो तो वहां की हालत भयानक हो जाती है। जब सारे देश में अवर्षण हो तो भगवान ही मालिक है। खेतों में पानी नहीं, ताल तलैयों में पानी नहीं, पोखरों में पानी नहीं, और कुछ सूबों से तो यह खबर आ रही है कि कुओं में भी पीने के लिये पानी इस

साल नहीं है । हम बहुत भयानक स्थिति से गुजर रहे हैं । आज बहस करने का वक्त नहीं है, गम्भीरता से सोचने का वक्त है ।

धान की फसल पूर्वी उत्तर प्रदेश में या सारे उत्तर प्रदेश में करीब करीब मारी गयी है । आज रुपये में चार आना धान देश में है, बारह आना फसल मारी गयी है, इस में कोई सन्देह नहीं है ।

जहां तक रबी की फसल है, जहां सिचाई का कोई प्रबन्ध नहीं है, जैसे कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में, वहां रबी की फसल के पौधे मुरझा रहे है, जल रहे हैं, हालत खराब हो रही है । देश पर आपत्ति, विपत्ति आयी थी, देश के जवानों ने देश की इज्जत रख ली । अब जो संकट है उस के लिए हम को देश के नेताओं—केवल कांग्रेस के नेताओं नहीं—की सूझबूझ पर भरोसा है । अगर वह समझदारी से काम लेंगे, हर पार्टी के नेता मिल कर काम करेंगे तो उन के सहयोग से काम हो सकता है । ऐसा होगा तभी हम बच सकते है, नहीं तो हमारा देश आज बहुत ही घोर संकट में से गुजर रहा है ।

दैवी प्रकोप पर तो हमारा कोई चारा नहीं है, लेकिन गवर्नमेंट ने जो आबपाशी को निगलेक्ट किया है उस के लिए गवर्नमेंट दोषी है । आज हम देश की जनता में जाते हैं तो हम को मालूम नहीं होता कि आज जनता की सरकार का राज्य है या नौकरशाही का राज्य है । हमें तो मालूम हो रहा है कि आज नौकरशाही की हुकूमत है । पूर्वी उत्तर प्रदेश में अधिकांश इलाके में ट्यूबवैल हैं नहीं और जहां है, वहां ठीक ढंग से काम नहीं कर रहे हैं, बन्द पड़े हुए हैं, कुछ चलते नहीं हैं । इंजीनियर लोगों की हालत यह है कि वे इस तरह काम करते है कि खुदा ही मालिक है । हमारे देश में पानी का इन्तिजाम नहीं हो रहा है । खाद का इन्तिजाम नहीं हो रहा है । खाद का इन्तिजाम न हो तो उस के बिना हम लोग गोबर की कम्पोस्ट खाद बना कर काम चला सकते हैं पर अगर पानी का इन्तजाम नहीं है तो उस के लिए कौन दोषी है ? गवर्नमेंट को इस काम को करना होगा । अगर गवर्नमेंट चलानी है और हुकूमत करनी है और पावर में आना है, तो जनता को बिसराना नहीं होगा । जनता आज बिसरायी गयी है । हम कांग्रेस के आदमी हैं । जनता में जाते हैं, जनता का रोष देखते है, जनता का जोश देखते है, तो हम को बड़ा दुःख होता है ।

हमारी तरफ बाढ़ के कारण गांवों के मकानों को ऊंचा करने को कहा गया । इस काम के लिए इंजीनियर मुकर्रर हुए, ओवरसियर मुकर्रर हुए, लेकिन गांव वालों के मकान ऊंचे होने के बजाय रंडियों के कोठे ऊंचे हो गए । एक इंजीनियर साहब थे, उन्होंने लाखों रुपया बैंक में जमा कर दिया । गवर्नमेंट की तरफ से उन पर मुकदमा चला और जब मुकदमा चला तो उन के पास एक खूबसूरत औरत थी, वह डिफेंस में आई और जज के सामने बयान किया कि यह रुपया हम ने जमा किया है, हमारे मित्रों ने हम को उपहार के रूप में यह रुपया दिया है, इंजीनियर साहब ने जो जमा किया है वह लेन देन का रुपया नहीं है । सरजू पाण्डेय बैठे हैं, वह हमारे ही जिले के हैं । वह इस बात का समर्थन करेंगे । वह इंजीनियर साहब मुकदमे से छूट गए और छूटने के बाद भी वह काम कर रहे हैं । कोई चल कर गाजीपुर जिला में और बलिया जिला में देखें कि जो हम कह रहे हैं वह सच है या नहीं । ऐसी हुकूमत कैसे चलेगी, जहां अफसरों की, नौकरशाही की हुकूमत हो, कांग्रेस के लोगों की कोई पूछ नहीं है । वहां पूछ है हुकूमत के कर्मचारियों की । वही लोग सब कुछ कर रहे हैं, वही सब लेना देना कर रहे हैं ।

पटेल कमीशन यहां से गया और कुछ कुंवे बनाने के लिए हुक्म दे आया । काश्तकारों के कुंएं बने लेकिन बी डी ओ और ए डी ओ साहब ने हर कुंवे पर 50 रुपया नकद लिया तब किसी को इजाजत दी । सीमेंट जो मिला उस का भी रुपया लिया गया । यह सब कुछ

[श्री गहमरी]

हो रहा है। यह गवर्नमेंट बरदाश्त कर रही है। हम अपने नौकरों पर कोई अधिकार नहीं रख रहे हैं, ऐसी हालत है।

गल्ले की तकलीफ है। मैं आप को एश्योर कर सकता हूं कि किसान दूना गल्ला पैदा करेंगे अगर उन को पानी की व्यवस्था हो। हमारे धान मंत्री, श्री लाल बहादुर शास्त्री, किसानों से कहते हैं कि हफ्ते में एक बार खाना बन्द करो और गल्ला ज्यादा दा करो। मझे हंसी आती है। कौन ऐसा बेहया काश्तकार होगा जो ज्यादा से ज्यादा गल्ला पैदा नहीं करना चाहता। दा तो ऐसा करता है कि खेत कटने के बाद जो अनाज झड़ जाता है उस को भी मेहनत कर के बीनता है। हम तो किसान के लड़के हैं। हमारे पिताजी स्वयं हल चलाते थे, मैं गाय चराता था। मैं जानता हूं, मैं ने किसानों को देखा है। इस साल मैंने देखा जब एक पानी के बिना धान मारा गया तो किसान खेतों में रोते थे, खाना नहीं खाते थे। मैं कहता हूं कि उन से मेहनत करने को न कहा जाए। उन पर दया की जाए। किसान तो वैसे ही रात दिन खेती के लिए मेहनत करता है।

खाना एक हफ्ते में एक बार बन्द करने को कहा गया। हमारे लाल बहादुर शास्त्री जी हमारे पूर्वी जिलों से दूर रहने वाले नहीं हैं। मैं उन को बतलाना चाहता हूं कि आपत्ति-काल को छोड़िये, हम तो साल भर एक वक्त खाना खा कर के रहते हैं, दोनों वक्त खाना नसीब नहीं होता।

एक माननीय सदस्य : तबीअत अच्छी रहती है।

श्री गहमरी : वह ऐसा इलाका है। आज भी कोई चल कर देख ले। जब किसान मेहनत से गल्ला पैदा करता है तो भी दोनों वक्त खाना नहीं खाता, एक वक्त का बचा कर बेचता है लड़का लड़की की शादी के लिए। तो मेरा कहना है कि हमारे लिए यह न कहा जाए, आजमगढ़ के लि न कहा जाए, गोरखपुर के लिये न कहा जाए। यह तो स ी लोग जानते हैं कि वहां के लोगों को दोनों वक्त खाना नसीब नहीं होता। आज उन से हफ्ते में एक बार को खाना बन्द करने को कहा जा रहा है।

मैं एक बात कहता हूं। हालत बहुत खराब है। और भी खराब होने वाली है। [illegible] क जिस पास खेत हैं वह ी नहीं कर सकता, गल्ला पैदा नहीं कर सकता। वह एक एकड़ में पांच मन पैदा करता है जहां दूसरा बीस मन प्रति एकड़ पैदा कर सकता है। तो हालत यह है कि किसी के पास खेत ज्यादा हैं और किसी के पास खेत कम हैं कि उनमें खेती करने से लाभ नहीं। हमारे यहां कोई सबलैट नही कर सकता। अगर सबलैट करता है तो अधिवासी हो जाएगा। इस डर से कोई किसी दूसरे को अपने खेत नहीं देता, अपने पास ही रखता है, और इसका परिणाम यह होता है कि जहां एक एकड़ में दस मन पैदा हो सकता है वहां आजकल पांच मन भी पैदा नहीं होता। अगर कुछ और न किया जाये, तो कम से कम सबलैटिंग का प्रतिबन्ध हटा दिया जाये। अगर यह प्रतिबन्ध हटा दिया जाये, तो खेत में पैदावार होगी। हम अपने गांव का हाल जानते हैं। कुछ आदमी खेत जोतते बोते हैं—पांच मन नहीं होता है। वे दूसरे को बटइया कर देते हैं, तो पंद्रह मन लेते हैं और दस रुपये पटवारी को देते हैं कि इन्दराज हमारे नाम से कर दो, मैं ने जोता है। यह सब इस राज में चल रहा है, यह हमारी सरकार से नीचे चल रहा है। इस के लिए

मुझे खुशी नहीं है, प्रसन्नता नहीं है। वह गलती है और इस को दुरुस्त करना चाहिए। थोड़े खेत वाले का निर्वाह नहीं होता है। वे बेचारे भी सबलैटिंग नहीं कर सकते है। अगर किसी का एक एकड़ खेत है, तो वह भी सबलैटिंग नहीं कर सकता है। अगर वह कोई साइड-बिजिनेस न करे, तो उस का काम नहीं चल सकता है।

ऐसी हालत में हम कहेंगे कि लड़ाई में सरकार की शानदार विजय हुई है, लेकिन वह भुखमरी से देश को बचाए। तीन चार महीने के बाद हालत बहुत खराब होने वाली है। लड़ाई से पहले विरोधी पार्टियों ने शोर किया था कि गल्ले की कमी है, लेकिन वास्तव में गल्ले की कमी नहीं थी। वह कमी बनावटी थी। स्मगलर लोग चाइना और पाकिस्तान को गल्ला भेजते थे, इस लिए हमारे यहां गल्ले की कमी हो गई थी। लेकिन जब लड़ाई शुरू हुई, तो हमारे जवानों ने महज पाकिस्तान को ही शिकस्त नहीं दी, उन्होंने स्मगलिंग को भी बन्द कर दिया। उस समय पूर्वी, पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर हमारे जवान तैनात थे, इसलिए स्मगलर्ज को गल्ला ले जाने का मौका नहीं मिला। हमारे गांव में लड़ाई से पहले चना 38 रुपये मन बिकता था, लेकिन लड़ाई के दरमियान वह 28 रुपये मन हो गया।

गवर्नमेंट स्मगलिंग को नहीं रोक सकी है। स्मगलर पुलिस की मदद से बाहर गल्ला भेजते हैं। उस पर रोक लगाई जानी चाहिय।

अन्त में मैं यह कहना चाहता हूं कि आज जिस तरह से हो, लेकिन अपमान के साथ नहीं, मान के साथ—अपमान सहने के बजाये हम मरना कुबूल करेंगे—और देशों से गल्ला मंगाया जाये। हमारे यहां भारी अकाल पड़ने वाला है. दिन बहुत खराब होने वाले हैं। सरकार को उस के लिए चिन्ता करनी चाहिए। अपोजीशन पार्टीज से मैं रिक्वेस्ट करूंगा कि वे अन्न के विषय में पार्टी लाइन पर न सोचें, बल्कि सारे देश के हित को सामने रख कर सब लोग मिल कर कोई रास्ता निकालें, ताकि देश का भला हो।

श्री श्रीनारायण दास (दरभंगा): उपाध्यक्ष महोदय, अभी माननीय कृषि और खाद्य मंत्री ने सदन के सामने देश की खाद्य स्थिति के बारे में जो भाषण दिया, उस में उन्होने देश में अन्न की कमी को पूरा करने और देश के सभी लोगों को अन्न देने के सम्बन्ध में जो सुझाव या काम हमारे सामने रखे, हम समझते है कि वे सभी अच्छे हैं।

सब से पहली बात तो मैं यह कहना चाहूंगा कि भारत एक कृषि-प्रधान देश होते हुए भी, हम स्वराज्य-प्राप्ति के अठारह सालों के बाद भी अन्न के लिए दूसरे देशों पर निर्भर करते हैं, यह हमारे लिए एक बहुत भारी लज्जा की बात है। यह बात सही है कि हम ने सभी पंच-वर्षीय योजनाओं में कृषि के क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाने के लिए सभी उपाय किये, लेकिन फिर भी हम खाद्यान्न के सम्बन्ध में देश को स्वावलम्बी नहीं बना सके, यह सब से बड़े दुख का विषय है। इस आपद्-काल में, जब कि चीन और पाकिस्तान हमारी सीमाओं पर हमला करने के लिए तैयार हैं, हमारे देश के विभिन्न भागों में वर्षा के अभाव से अकाल पड़ा हुआ है और अन्न का उत्पादन इस साल और सालों की अपेक्षा कम होने वाला है, हम सभी नागरिकों का यह कर्तव्य है कि हम संयम से काम लें, अन्न को बचा कर खर्च करें और बांट कर खायें। जब अन्न का अभाव होता है उस समय अगर अन्न को बांट कर नहीं खाया जायेगा, तो देश में

[श्री श्रीनारायण दास]

ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है कि इस आपद्-काल में भी उपद्रव खड़ा हो सकता है। इस लिए जहां तक अन्न को बांट कर, राशनिंग कर के, खाने का सुझाव है, मैं उस का हृदय से स्वागत करता हूं। साथ ही साथ मैं इस बात का भी समर्थन करता हूं कि जो किसान अपनी जरूरत से ज्यादा उत्पादन करते हैं, उन से लैवी लगा कर, कम्पलसरी तौर पर, आवश्यक रूप से अन्न लिया जाये। मैं इस बात का भी समर्थन करता हूं कि जब अन्न की कमी हो, तो राशन की मात्रा भी कम की जा सकती है, अगर देश की भलाई के लिए वह जरूरी हो।

जहां तक राशनिंग का सम्बन्ध है, केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों को इस बात का अवश्य ध्यान रखना चाहिए कि किसी भी राज्य में जो सप्लाई डिपार्टमेंट कायम है, अभी तक उन का काम संतोषजनक नहीं रहा है और जनता को उन के कामों से बड़ा असन्तोष रहा है। राशन कार्ड बनाने में और राशन के वितरण में अनेक तरह की बुराइयां होती रही हैं। अगर हम अपने सप्लाई डिपार्टमेंट या राशनिंग डिपार्टमेंट को शुद्ध और पवित्र नहीं बना सकेंगे और हमारे काम करने वाले लोग ईमानदारी और सच्चाई से व्यवहार नहीं करेंगे, तो मैं समझता हूं कि देश में ऐसा उपद्रव होगा, जिस का मुकाबला करना सरकार के लिए नामुमकिन होगा।

जहां तक नियंत्रित वितरण का सवाल है, उस का समर्थन सदन के सभी माननीय सदस्य करेंगे, लेकिन वितरण की व्यवस्था और प्रबन्ध ऐसे शुद्ध और पवित्र होने चाहियें कि उन के प्रति किसी प्रकार की शिकायत करने की गुंजाइश न हो। सुना जाता है कि दूसरे महायुद्ध के दौरान इंगलैंड में वहां के राज घराने के लोगों को जितना राशन मिलता था, साधारण जनता को भी उतना ही राशन मिलता था। लेकिन हमारे यहां पिछले जमाने में जब राशनिंग का काम शुरू हुआ, तो विभिन्न राज्यों में कपड़े और अन्न के राशनिंग में कई तरह का भ्रष्टाचार देखा गया, जिस से जनता को कंट्रोल से बहुत घृणा पैदा हो गई और इसी कारण जब कभी कंट्रोल का सवाल आता है, जनता उस का विरोध करती है। लेकिन इस समय कंट्रोल के बिना काम नहीं चलने वाला है। इस लिए मैं उस का समर्थन करता हूं।

किन कारणों से हमारे देश में अन्न का अभाव हो जाता है, हम क्या कार्यवाई नहीं करते हैं, जिस की वजह से हमारे देश में उतना अन्न का उत्पादन नहीं होता है, जितना हम खर्च करते हैं, मैं संक्षेप में उन के बारे में कुछ कहना चाहूंगा।

जैसा कि यहां पर कहा गया है, हमारे देश में भूमि के टुकड़े टुकड़े होते चले जाते हैं, जिस की वजह से वे अनइकानोमिक होल्डिंग्ज हो जाते है और किसान उन में नफे से काम नहीं कर सकते हैं। एक आदमी का खेत दस दस जगह फैला रहता है, इस लिए वह उस की निगरानी नहीं कर सकता है। लैंड कांसालिडेशन का काम बहुत से राज्यों में शुरू किया गया है, लेकिन पंजाब को छोड़ कर वह काम कहीं भी आगे नहीं बढ़ा है। सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

हमारे यहां जो वैज्ञानिक अनुसन्धान हुआ है, उस को हम खेतिहारों तक नहीं पहुंचा सके हैं। यह सही है कि सभी ब्लाकों में एक्सटेंशन आफिसर नियुक्त किए गए हैं, लेकिन उन का काम असन्तोषजनक है। ऐसी स्कीम जारी करनी चाहिए कि एक्सटेंशन आफिसर विभिन्न ब्लाकों में अपने काम को जिम्मेदारी से करें और उस को आगे बढ़ायें। यह बहुत जरूरी है।

कई माननीय सदस्यों ने कहा है कि सिंचाई का जो भी प्रबन्ध हम ने किया है, वह अधूरा

है । हमारे देश में सिंचाई के अन्तर्गत आने वाले खेतों की मात्रा बहुत थोड़ी है । अभी सिंचाई का बहुत प्रबन्ध करने की आवश्यकता है । लेकिन जितने भी सिंचाई के साधन हमारे पास हैं, उन का भी पूरा उपयोग नहीं हो सका है । इस में सरकार और जनता दोनों का दोष है । इस लिए ऐसी स्कीम निकाली जाये, जिस से सिंचाई की व्यवस्था का पूरे से पूरा उपयोग हो सके और अधिक से अधिक अन्न उपजाया जा सके । अगर सिंचाई को बढ़ाया जाये, तो एक एक खेत में दो दो और तीन तीन फसलें उपज सकती हैं ।

15 hrs.

एक बात की तरफ माननीय सदस्य श्रीमती जयाबेन शाह, ने ध्यान खींचा है और जिस को कई बार इस सदन में कहा गया है । हमारे देश में अन्न की उपज की कमी का सब से मुख्य कारण यह है कि खेती के लिए सस्ते दर पर ऋण की व्यवस्था नहीं है । यह सही है कि रिजर्व बैंक ने एग्रीकल्चरल क्रेडिट विभाग खोल रखा है, लेकिन उस से ज्यादा काम नहीं होता है । स्टेट बैंक आफ इण्डिया तो खेती के सम्बन्ध में कुछ काम करता ही नहीं है । लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन के जो फंड्स हैं उन का उपयोग भी बड़े बड़े उद्योगों के लिए किया जाता है । इस सम्बन्ध में जो कागज अभी हमारे सामने खाद्य मंत्री जी ने उपस्थित किया है उस में कहा गया है कि अब सरकार चाहती है कि रिजर्व बैंक आफ इंडिया, स्टेट बैंक आफ इंडिया, लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन, एग्रीकल्चरल रिफाइनेंस कारपोरेशन आदि सब किसानों को सहायता देंगे । अगर यह केवल कागज पर ही न रह जाए तो मैं समझता हूं कि इस से काफी सहायता मिल सकती है । लेकिन अभी तक तो इस तरह की चीजें कागजों में ही पड़ी रह गई हैं और इस कारण से हमें सफलता नहीं मिल पाई है । अगर अब भी ऐसा ही हुआ तो हमें कोई सफलता मिलने वाली नहीं है । इसलिए अगर खेती के सम्बन्ध में कम दर पर और आसानी से मिलने वाले कर्ज की व्यवस्था सरकार करे तो अधिक अन्न उपजाने के रास्ते में जो एक बड़ा रोड़ा है, वह पचास प्रतिशत हट सकता है । आज किसान मनीलेंडर के पास जा कर बहुत ज्यादा बढ़ी हुई दर पर कर्ज लेता है । इतना होने पर भी उस को कर्ज नहीं मिलता है । उस और वह न दौड़ कर आप की ओर दौड़े और आप से आसानी से और कम दर पर उस को कर्ज मिल जाए तो उस की एक बड़ी समस्या हल हो सकती है ।

यह कहा जाता है कि किसान को हर प्रकार का प्रोत्साहन दिया जाए ताकि वह अधिक अन्न उपजा सके । यह सही है कि अभी जो दाम अधिक किया गया है वह कुछ हद तक इंसैंटिव देने वाला जरूर है । लेकिन इस काम को और आगे बढ़ाया जाना चाहिये और किसान को अधिक अन्न की योजनाओं को सफल बनाने के लिये बहुत से कामों को करने में सहायता दी जानी चाहिए ।

अन्न के दाम निश्चित करने की बात बार बार कही गई है । लेकिन ऐसा करते समय हमें यह देखना चाहिये कि किसान को अन्न या कोई भी चीज उपजाने में एक एकड़ पर कितना खर्च करना पड़ता है । अब तक सरकार ने कई कमेटियां बनाई हैं लेकिन किसी कमेटी ने यह ठीक नहीं निर्धारण किया है कि किसान को अन्न इत्यादि उपजाने में या दूसरी जो खेती की चीजें हैं उन को उपजाने में फी एकड़ कितना खर्च करना पड़ता है । जब तक यह मालूम न हो तब तक अन्न के दाम निर्धारित करना, वैज्ञानिक ढंग से निर्धारित करना सम्भव नहीं हो सकता है । इसलिए मैं समझता हूं कि खेती के उत्पादन में प्रति एकड़ कितना खर्च पड़ता है इस के सम्बन्ध में शीघ्र से शीघ्र जांच करा कर सरकार को सदन के सामने उस की रिपोर्ट पेश करनी चाहिये ।

हमारे देश में भूमि के सुधार के भी बहुत से काम हुए हैं । केन्द्र की तरफ से जो राष्ट्रीय

[श्री श्रीनारायण दास]

विकास परिषद् बनाई गई है उस ने भी एक कमेटी बनाई है ताकि जिन जिन राज्यों में अभी तक भूमि सुधारों का काम आगे नहीं बढ़ा है, उस को आगे बढ़ाया जा सके लेकिन मैं समझता हूं कि एक बरस प्रस्ताव पास हुए हो गया है इस कमेटी में जिस में कई मंत्रालयों के प्रतिनिधि हैं अभी तक इस दिशा में कोई काम नहीं किया है। मैं समझता हूं कि भूमि सुधारों के काम को विभिन्न राज्यों में लागू करने के लिए जल्दी से जल्दी कदम उठाये जायें। बिना संगठन के कोई काम नहीं हो सकता है। जितनी योजनायें हैं और जो हमारे सामने आती हैं वे देखने में बहुत आकर्षक प्रतीत होती हैं। उन को देखने से ऐसा मालूम होता है कि अभी हमारी समस्या का समाधान हो जाएगा। यद्यपि केन्द्र में मंत्रालय है, राज्यों में मंत्रालय है लेकिन फिर भी नीतियों के सम्बन्ध में जो तालमेल विभिन्न विभागों में होना चाहिये ताकि योजनायें सफलतापूर्वक लागू की जा सकें, वह नहीं है। यहां चार मंत्रालय हैं, प्लानिंग कमीशन है, फूड एंड एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री है, कम्युनिटी डिवेलेपमेंट मिनिस्ट्री इत्यादि हैं इन में तालमेल होना चाहिए। यह खुशी की बात है कि हमारे मंत्री महोदय ने एक एग्रीकल्चरल प्रोडक्शन बोर्ड बिठाया है। इस में सभी सम्बन्धित मंत्रालयों के प्रतिनिधि रहेंगे और विभिन्न राज्यों के मुख्य मंत्री भी शामिल हैं। मैं समझता हूं कि अगर यह तालमेल बिठाने का काम समुचित ढंग से किया गया तो खेती के बहुत से सवाल हल हो जायेंगे।

यह सही है कि जब से हमें आजादी मिली है तब से हम ने विभिन्न विभागों में अनुसन्धान करने के लिये बहुत सी अनुसन्धानशालायें स्थापित की हैं। यह भी सही है कि हमारे वैज्ञानिकों ने बड़े परिश्रम के साथ बहुत अच्छा अनुसन्धान कार्य किया है। लेकिन यह भी सही है कि बावजूद इस के कि हम ने अपने देश को प्रखंडों में बांट दिये है और वहां खेती का प्रचार करने के लिए प्रचार विभाग के अफसर भी हैं लेकिन फिर भी अनुसन्धानशालाओं में जो जो सफलतायें प्राप्त हुई हैं खेती को तरक्की देने के लिए, वे ज्यादा से ज्यादा किसानों तक नहीं पहुंच सकी हैं, वे उन से लाभ नहीं उठा सके हैं। इस कठिनाई को हमारे मंत्री महोदय ने भी महसूस किया है। जब जब उन के भाषण इन विषयों पर यहीं होते हैं, उन को पढ़ कर बहुत हमारा उत्साह बढ़ता है कि दरअसल में उन्हों ने निश्चय कर लिया है कि चाहे हमारी अनुसन्धानशालाओं में और चाहे विदेशों में खेती के सम्बन्ध में जो जो नए नए अनुसन्धान हुए हैं, आविष्कार हुए हैं, उन आविष्कारों को किसानों तक पहुंचाने के लिये वह पूरे प्रयास में लगे हुए हैं। इस के लिए मैं उन की तारीफ करता हूं और आशा करता हूं कि वे इसको देखेंगे कि किसानों तक ये पहुंचें।

अन्न के उत्पादन का जहां तक ताल्लुक है उसके साथ साथ दूध, मछली, मांस, अंडे इत्यादि के सम्बन्ध में भी आपके पास योजनायें हैं और उनको भी आपको लागू करना चाहिये। जो जो बातें मैंने बताई हैं उन में से कुछ तो लांग टर्म मैसर्ज हैं और कुछ ऐसी हैं जो कि आपातकाल के समय में हम चला सकते हैं। जो सहायक खाद्य पदार्थ हैं इन पदार्थों के उत्पादन में भी जितनी सहायता सरकार से अपेक्षित है, उतनी सहायता सरकार को देनी चाहिये।

मैं विश्वास के साथ कहता हूं कि हिन्दुस्तान के किसान को जिस सामान की जरूरत है खेती के उत्पादन को बढ़ाने के लिए, जिन जिन चीजों की उसको

ग्रावश्यकता होती है, उनको ग्रगर सरकार वक्त पर मुहैया करे, सुविधा से वे उन को प्राप्त हो जाएं तो हमारे देश में ग्रन्न की कमी नहीं रहेगी ग्रौर जो लक्ष्य हमार मंत्री महोदय ने निश्चित किया है वह लक्ष्य पूरा हो जायगा ग्रौर विदेशों पर हम जो ग्रन्न के मामले में निर्भर रहते हैं, हम को निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। मैं समझता हूं कि इन सब बातों को करने से हमारे देश की जो कृषि की समस्या है या खाद्य की समस्या है, उस को हम सफलता-पूर्वक हल कर लेंगे।

Shri Indrajit Gupta: Mr. Deputy-Speaker, Sir, listening to the Food Minister while moving his motion, one got the impression that this was just one of those years when the rains had failed a little more than perhaps in other years. That is all the sense of urgency which he lent to his remarks on this crisis. I was, Sir, the other day, looking at a foreign journal, which made, rather, what I thought was, an uncharitable remark about Indians and India—a western journal, of course. It stated: "We are getting tired of hearing this annual belly-ache about failure of rains from India". Of course, the "belly-ache" may be a little more acute this year, I agree, because there has been very severe drought; but I would suggest to the Food Minister that this debate should not be restricted and confined, as it was sought to be confined, mainly within the limits of a short-term crisis, the crisis due to failure of rains or drought this year, because it is really a national problem, it is not only a short-term but really a long-term problem that has to be tackled.

Now, Sir, I do not wish to spend any time really on taking up the problems of individual States. I fear that the debate will generally tend to move on the lines of problems of particular States. For example, I have here before me—perhaps, you may have seen it too—these extracts from papers. Recently, the *Hindustan Times* of Mr. Birla, has been publishing a whole series of articles on the food situation, one article for each State and, if I may just read out the headlines, they give an idea of the depth of the crisis, depth of the problem. This is what they say: "Years of neglects......"— it is not about just the present problem—"Years of neglect give U.P. poor harvests"; "Drought shows up lopsided planning in the Punjab"; "Mysore's crash programmes need more funds"; "Maharashtra's major problem is in Vidarbha"—that, of course, is mainly the drought problem, I think—"Andhra Pradesh faces a deficit of 25 per cent"—a very prosperous State by all accounts—"Rajasthan's hope pinned on hoarded stocks"—I presume it means "pinned on un-hoarding hoarded stocks—"Bihar bungles despite large outlay"—the Minister remembers, no doubt, the conditions which prevailed there in last July and August when rice prices went up to Rs. 75.00 per maund and drove the people to take to certain forms of agitation whose repercussion is still present there in the State of Bihar and hundreds of people are still in jail—"Madras......"—the Food Minister's own State—"Madras can tide over crisis if it rains now"; "Madhya Pradesh a victim of drought and price bungle"; "Bengal......"—the Minister's model State—"Bengal fails to use its resources fully"; "Little hope of raising Kerala's loan ration'—these are the headlines that Mr. Birla's paper gives regarding the position in each of the States. Now, this drought that has overtaken the country, together with the uncertainty of wheat supplies under PL 480, certainly creates a situation which applies to the coming year. But Shri Subramaniam in his opening remarks, probably anticipating the attack that was going to be made by the Swatantra Members here, very strongly advocated the cause of State trading and

[Shri Indrajit Gupta]

monopoly procurement by the State and he launched into a very severe criticism of free trade, free market and what the record of free market has been. Of course, I am at one with him. But I would like to ask him what happened last year, in 1964-65, when by all accounts we had a very good crop, what was described as a bumper crop. What had happened to that? Where did the crop go? Why did the price rise higher than ever in the past so far? And we know that last year when the good bumper crop was being harvested the same question was asked as to what the procurement policy of the Government was going to be and the Government was a house divided on this question. I would like to know in that divided house on which side was the Food Minister. Who is responsible—I do not hold this against him personally—for the fact that last year, in 1964-65, a year of good harvest, of admitted bumper crop, the whole of the crop was allowed to pass into the hands of the free market, the big hoarders, profiteers and blackmarketeers to be merry with it, and today when we meet with a situation where drought has overtaken us we have no stocks, Government has no buffer stock or anything to fall back upon? I say these things only for this reason that we are being assured by the Government, from the Prime Minister downwards, that very decisive measures are going to be taken on an emergency footing. And some military language is also being used, in keeping with the present atmosphere like food will be put on a war footing, the food front has to be monbilised, ploughs are no less important than swords and guns and so on. Very good. When all these terms are being used, we feel a little difficult to rely simply on the assurances and promises because of the recent experience that we have had regarding this Government.

Now, much is being said about the need for sacrifices because we are in for a very difficult time. Appeals are being issued for sacrifices, for missing meals, for consuming less; we have been told that if consumption is reduced a little bit, if there is a marginal decrease in consumption, it will mean that we will be able to tide over the worst period and so on. I would like to know to whom these appeals are addressed. I would like to know whether they are addressed to the 35 crores and odd of people in the rural countryside who, as we know, have an average per capita income of 68 paise per day, mention of which was made in this House more than once. Or is this appeal to miss a meal or reduce the consumption addressed to 10 crores of people whose average income is 42 paise? Or is it being addressed to one crore of people whose average income is 27 paise per day? To whom is this appeal for sacrifice addressed? The Minister must realise that there is a vast population, mainly in the countryside, who have got no margin on which they can fall back upon. What is to be done about them?

It has been said by somebody that the Indian farmer is really the poorest industrialist in this country today. If you consider agriculture to be an industry, he is the poorest industrialist because he is condemned to employ the costliest capital. He has to borrow money at rates ranging anything from 25 to 100 per cent. I would like to ask Shri P. K. Deo, or anybody else whether any of the leading industrialists in this country, be it Shri Tata or Shri Birla to whom the Punjab Government has given 1,000 acres of land in Ambala district to go in for joint stock farming, is any of these gentlemen prepared to operate these things successfully by borrowing at these rates of interest at which the Indian farmers are borrowing? On top of that, these gentlemen who are nowadays advocating joint stock farming—Shri Kriloskar

of the FICCI made a speech, I think in Kanpur, in which he has also suggested to his colleagues of the private sector that they should go in for joint stock farming—they are demanding that the Government should give them land, water, electricity, seed, fertilizer etc. Everything must be provided to them and then they will enter the scene with great managerial and entrepreneurial skill and produce and make India into a land of plenty. How is the farmer who is borrowing at rates of interest ranging from 50 to 100 per cent. expected to solve this crisis by sacrifice or by doing a little more hard work?

I think the priorities are upside down. Somebody just now mentioned the need for increasing taccavi and co-operative loans. The record shows that even the co-operative loans ultimately go primarily to that section which has got some substantial security to offer. These co-operative loans do not go to the poor peasant, whose need is most, but who probably has no adequate security to offer.

Now I may say a word about the West Bengal Government because Shri Subramaniam has gone even to the length of saying that the whole future of our food policy and planning will really turn on the success or failure of the experiment which is being made in West Bengal. Well, as I said repeatedly, we welcome it fully and we want to co-operate with any proper policy of monopoly procurement and rationing. We want that rationing should be extended in the coming years to all towns with a population of one lakh or more. There should be statutory rationing in towns with modified rationing and control of supplies in the countryside. But I must point out that the West Bengal Government has set about this monopoly procurement plan in such a way, its outlook is such, the procedure it has adopted is such that I doubt very much whether the co-operation of the farmers will be forthcoming. I do not think that the scheme can succeed on the basis of coercion; it can succeed only on the basis of co-operation. I would request Shri Subramaniam to find out what is the mechanism by which these rates of levy which have been declared by the West Bengal Government have been calculated. Well, I have no time to go into the details but I find—and I am sure he will find too if he examined it thoroughly—that the levy has been calculated in such a way that firstly no allowance is made for the differing yields per acre in different districts and different areas of the States and the same flat rate of levy is being imposed on all lands irrespective of their capacity to yield. Secondly, it has been stated that after calculating what the peasant requires for his own consumption, his family consumption, the balance will be treated as marketable surplus and the whole of it will be purchased by the State agencies. But in West Bengal if you go into the details of the calculation you will find that the levy has been graded in such a way that the smaller peasants and the middle class peasants are expected to give to the Government selling agencies so much of their paddy that actually there will be a shortfall in their own requirements for the year, whereas in the case of the bigger peasants, the richer peasants or big landlords who are called *jotdars* in West Bengal the amount which is to be levied from them will still leave a surplus beyond their requirements, and that surplus will surely again be diverted to the blackmarket and sold at high prices or hoarded. If that is the way in which this is going to be done, then I am afraid a great deal of resistance and opposition will grow and the whole scheme may flounder. Therefore, he should please look into this; because he says that the whole of the future policy of the country is going to hinge on this, I have got great doubts as to how far it will succeed if this kind of inequitable levy system is going to be imposed.

Then, he waxed eloquent about the success of statutory rationing scheme in Calcutta. But just on the fringe of that area, literally on the fringe,

[Shri Indrajit Gupta]

in the industrial areas of greater Calcutta and nearby, which is just outside the statutory rationing zone, what is happening? Rice is not available even at Rs. 2.50 or 3 per kilo in the open market. I received a telegram yesterday from one of the big jute mills situated in Howrah in Bauria, Fort Gloster Jute Mills, which employ 8,000 men. They have stated in this telegram that because rice is selling at Rs. 2.65 per kilogram in that area and it is not available in sufficient quantities, the workers are not able to maintain production on multiple machines and the production has fallen and the management has declared a lockout in the mills. This kind of thing is happening. Even industrial production is being affected.

So, the point I wish to make here is that we must go to the root cause of this crisis. It is not enough just to think out some immediate measures for tackling the problem of drought this year.

As far as imports from abroad are concerned, we had a debate the other day and I was very sorry to hear the Food Minister that day, losing his temper and attacking us on this side of the House, ascribing political motives even. But I have to take up one point about that again because the crisis is intensifying every day. Does not the hon. Minister think that it is time that at least the Government should stop deluding the country into believing that these PL-480 supplies come to us without any expense in foreign exchange because it is simply not true? The foreign exchange cost of PL-480 must be understood. It is not easy to see on the surface, but it is there. 12.8 per cent of the counterpart funds are exclusively reserved for United States authorities use in this country. He knows that. 6.8 per cent of these counterpart funds are specified or earmarked for Indo-American collaboration for the use of private- sector concerns in this country under the Cooley Amendment authority. These two items have been calculated at working out to about Rs. 60 crores per year. Rs. 1 crore of these counterpart funds have recently been earmarked for use by American tourists coming to this country to be used in place of dollars. Shipping freight is going to cost us Rs. 40 crores per year. I believe, there is also now a new proposal for a further 3.5 per cent of these counterpart funds to be converted into foreign currencies exclusively for American use. Altogether, you can calculate and find out, this works out to about Rs. 110 crores per year which is spent in foreign exchange, which would work out to Rs. 550 crores roughly during the whole Fourth Plan period, which works out to about 14 per cent of the entire foreign aid component of that Plan. So, this is what it is costing us. We must remember that too. That is why our spokesman, Professor Mukerjee, during that debate, wanted to impress so strongly the need for ending our dependence or overdependence on these PL-480 wheat supplies.

As the figures of annual imports show, we are not moving towards self-sufficiency. We are moving in a reverse direction, away from self-sufficiency, even allowing for the increase in population. Your Professor Dantwala, who is not a Communist, I hope, also has calculated—I would like to quote, but it would take time—that the growth in population is only slightly more, proportionately, than the growth in foodgrains production over these years. So, it is not as though the growth in population has far outstripped the rate of growth of food production.

What are the figures of imports? In the five years preceding the First Plan we imported 2.65 million tonnes per year. During the First Plan we imported 2.42 million tonnes. It went down a bit. In the Second Plan it went up to 3·41 million tonnes. In the first four years of the Third Plan it has gone up to 4.44 million tonnes. So,

we are moving in the reverse direction.

The point is that this imported grain only allows us to increase the *per capita* availability from 13.2 onces per day to 14.5 ounces per day. Only 1.3 ounces per day is the addition to our availability as a result of this very expensive import programme which we have got.

Now I will just go through a few other points. It is our contention that the root of the matter is not being tackled. The root of the matter is, first of all, an administrative problem. I do not understand how this food crisis can be tackled by an outmoded administrative system under which seven or eight ministries of the Central Government are involved in this matter. Agricultural production, fertilisers, water, that is to say, irrigation, tractors, community development, finance for credit purposes—the whole thing is spread over seven or eight ministries and on top of that there is the States problem. Everyone of the State Governments, the majority of whom, I think, are not very much in favour of the activities of the Food trading Corporation is involved.

Therefore, I would suggest to the Minister that if they really want to live up to their words about tacking this problem on a war footing, the first thing to be done, even though it means an unconventional step and breaking through the orthodox ways of thinking to which we have grown accustomed, is that some re-organisation must be done so that a high-powered, unified, single Department of Agricultural Production is set up which can break through all these 101 obstacles and barriers. Much talk of sacrifices is going on. Why not make a little sacrifice of all these ministerial empires? It may involve a little bit of sacrifice here and there. Some re-organisation will have to be done so that this whole thing is brought under a unified command.

At the moment what we call inputs in agriculture are all scattered, compartmentalised into ten ministries. If one gets water in one place, he will not get a tractor there; if one gets a tractor somewhere else, he will not get fertilisers there, because all the ministeries and ministers are different. All that Shri Subramaniam can offer us is some agricultural production board which, he says, is attempting to bring about a co-ordination. No co-ordination will come about like that.

If this is a period of emergency when we are battling for our life for self-reliance, then I would suggest to the Government that they take some emergent measures to set up that kind of unified department of agricultural production which can really win the battle on the foodfront.

Secondly, on the question of joint stock farms that it is impossible to ap forward by the advocates of joint stock farms that it is impossible to apply scientific and modern methods to small holdings. Therefore I find the FICCI Chairman also advocating that all land ceilings must be scrapped, all land reform laws must be scrapped and so on. I do not know whether it is an indication of Government's thinking that they agree to some extent with this, judging from what is being done in the Punjab, namely, giving 1,000 acres of land to Shri Birla. I am told, in Madhya Pradesh also he is trying to get hold of an even bigger area of land. But this is a fallacy because, as far as we know, in Japan the average size of holdings is, if anything, even smaller than in India, but their productivity, the paddy yield, as we know, is probably among the highest in the world; in some cases, it has even gone up to 100 maunds per acre. Whereas in India we use 1.3 kilogram of fertiliser per acre, Japan uses 94 kilograms of fertiliser per acre. So, it is not necessarily a question whether the holding is small or big; it is the question of intensive effort that can be put in with the assistance of Government which can yield much higher rates of production.

[Shri Indrajit Gupta]

I would like to say that if really a demonstration is needed, I support the idea that a demonstration is also needed side by side with this of modern techniques applied on a large scale to big farms. I agree with that; but why should that be done, under the aegis of Shri Birla? Why should not State farms be set up in that case? Shri Subramaniam remembers that it was, I think, Mr. Khrushchev or somebody else who, at the time of the Suratgarh project, had remarked that if 100 Suratgarhs are set up in India, it would break the back of India's food crisis. Shri Nehru also, I think, echoed that sentiment some time.

I read in the papers the other day that during Shri Krishnamachari's visit to Moscow and his talks with Mr. Kosygin there was a slight mention of it, that they discussed the question of mechanized farms too. I do not know what the details of the discussion are, but I would ask Shri Subramaniam, if it is necessary to demonstrate, side by side with helping these small individual medium-sized farmers to develop their lands, the possibilities and potentialities of modern techniques on a big scale, why they should not, if not have 100 Suratgarhs, at least set up one big State farm in the public sector in each State. There is plently of waste, fallow land lying about. I am told, 932 lakh acres of total cultivable land is lying waste and the landlord's land lying fallow is 528 lakh acres. Somebody says that Suratgarh has been a failure. It may be. I would like to have a proper assessment. This House has never been presented with a proper objective assessment of results of Suratgarh. I also believe it has not been much of a success but there are reasons for it. First of all, the site selected was wrong and it was being mismanaged. I say, if the Soviet Union or any other country is prepared to give assistance by way of mechanised equipment and so on, why not we set up one big State farm in each State at least and see how that develops?

15.31 hrs.

[SHRI SONAVANE *in the Chair*]

The last question I would come to is the question of land reforms. I want to know—I hope the Minister will tell us when he replies to the debate—what has happened to that Report of Mr. Wolf Ladjensky which was submitted to the Government, I think sometime in 1963. Why has that Report been virtually suppressed?

Shri C. Subramaniam: It has been published now.

Shri Indrajit Gupta: The recommendations made by Mr. Ladjensky, as far as I know, were extremely modest. They could not be described as radical land reforms at all. All he suggested was a ban on resumptions of land, a proper preparation of land records which does not exist in our country, lower rents in cash and abolition of crop sharing. That is all he suggested. That was the kernel of his recommendations. Even on those lines no action has been taken. Now, we find that it is quite impossible, I think, to enthuse and inspire the peasantry, the farmers of our country, unless some radical land reforms are implemented. The Government is pledged to that; the Congress Party is pledged to that. They passed resolutions some years ago and put them away in the cold storage. Unless the implementation is carried out and unless special measures are also taken on an emergent footing to provide cheap credit to the farmers, the results will not be achieved. The State Bank of India pledged, when it was formed, that they would open at least 400 or 500 branches in rural areas. Even that is not being done. Today, we find that cooperative credit accounts

for not more than at the most 15 per cent of the total outstanding agricultural loans, the rural indebtedness 85 per cent is still owing to the private money-lenders, the traders and these elements, who are charging exorbitant rates of interest. How does the State come to the help of the peasant? Even that is being grossly sabotaged and neglected by the Government. Therefore, these measures have to be taken. Otherwise, there is no use in calling upon the people to work harder because it is not physically possible to do that. 20 per cent of our rural households do not own any land at all at the moment—as you know, that is the finding of the Mahalanobis Committee—whereas 5 per cent of the households own 40 per cent of the land so that a sort of monopoly of land-ownership is still there. That is not being broken up despite all the plethora of legislation that has taken place. This is a reality. 70 per cent of the holdings are still below the national average of 6·64 acres. This is the pattern of our agriculture and land distribution. Therefore, it is essential that long-term measures of an emergent nature of a radical nature, are undertaken. Otherwise, it is not possible to go forward and all the Minister's plans of building up buffer stock, of monopoly procurement and rationing being extended, all of which are very good principles which we support, will not be implemented. They will fail and, therefore, it is necessary to go to the root of the problem.

Even as regards the drought affected areas, the measures which have been outlined by the Minister include a lot of things—some of them may be quite good—but there is nothing said, say, for example, that in the drought-affected areas, remissions of land revenue will be given to the people who are affected there. If there are any outstanding loans in any drought-affected area, will be agree to write off those loans in that distressed area? I do not know......

An hon. Member: Go through the papers.

Shri Indrajit Gupta: I have gone through the papers. If I am wrong, please correct me.

